Dainik Jagran, dated 14.12.2020

एयू में स्नातक की बची हुई सीटों पर दाखिले 15 तक

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली ने स्नातक पाठ्यक्रम की बची हुई सीटों पर दाखिले के लिए छात्रों को एक और मौका दिया है। विश्वविद्यालय ने इन खाली सीटों को भरने के लिए दूसरे चरण का विशेष अभियान शुरू किया है। इसमें वे सीटें शामिल हैं, जो छात्रों द्वारा दाखिला निरस्त कराने या दूसरे पाठ्यक्रम में स्थानांतरण कराने, फीस जमा न कर पाने या फिर प्रमाण पत्र नहीं देन पाने से खाली हुई हैं।

विश्वविद्यालय की सहायक कुलसचिव जनसंपर्क ने बताया कि आरक्षित व अनारक्षित वर्ग की कितनी सीटें किस पाठ्यक्रम में खाली हैं। इसकी जानकारी छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से ले सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर है। वहीं, प्रमाण पत्रों को 16 दिसंबर तक दाखिला पोर्टल पर अपलोड किया जा सकता है। 17 दिसंबर को प्रमाण पत्रों का सत्यापन होगा। इसके बाद छात्र 17 व 18 दिसंबर को ऑनलाइन फीस जमा कर सकते हैं। वहीं, बीए और बीबीए में पहले आवेदन कर चुके छात्रों को भी फिर से आवेदन करना होगा।